प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 01.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. देशभर में जनगणना–2027 का पहला चरण आज से होगा शुरू, पहली बार होगी डिजिटल गणना, प्रमुख कर और बैंकिंग सुधार भी होंगे लागू।

2. केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान को इस वर्ष जून तक बढ़ाया, कहा–देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार ।

3. देशभर के स्कूलों, अदालतों और सरकारी दफ्तरों को फर्जी बम की धमकी देने का आरोपी श्रीनिवास लुईस दिल्ली से गिरफ्तार, झारखंड पुलिस की टीम भी करेगी पूछताछ।

4. राज्य के कई हिस्सों में आज गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान, संथाल और कोयलांचल क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट ।

5. रांची में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आज से 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप की शुरूआत।

****

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या गणना प्रक्रिया, जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू होगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए 1 मार्च, 2027 को संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यह स्व–गणना आज से इस महीने की 15 तारीख तक चलेगी। मकान सूचीकरण और आवास जनगणना 16 अप्रैल से शुरू होकर 15 मई तक जारी रहेगी। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे

****

भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में डिजिटल जनगणना के फायदों के बारे में बताया। एक रिपोर्ट।

****

देश भर में प्राकृतिक गैस –पीएनजी के विस्तार में तेजी बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान के दूसरे चरण को इस वर्ष 30 जून तक बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि मार्च माह के दौरान घरेलू, वाणिज्यिक, छात्रावास, मेस और कैंटीन सहित 31 लाख से अधिक कनेक्शनों को गैसयुक्त किया गया है। केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार है।

****

आज से नए वित्तीय वर्ष शुरु होने के साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो जाएंगे। एक रिपोर्ट

****

देवघर एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. नितिन एम गंगाने ने देवघर एम्स और जेम्स मैडिसन यूनिवर्सिटी यूएसए के स्वास्थ्य विज्ञान विभाग के प्रोफेसर व अकादमिक इकाई प्रमुख डॉ. जेफरी ई. हेरिक के नेतृत्व में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, संकाय और छात्र आदान–प्रदान, सहयोगात्मक प्रकाशनों, अकादमिक परामर्श, पाठ्यक्रम विकास और क्षमता–निर्माण पहलों को बढ़ावा देना है।

****

झारखंड समेत देशभर के स्कूलों, अदालतों और सरकारी दफ्तरों को फर्जी बम धमकियों से दहशत फैलाने वाले आरोपी श्रीनिवास लुईस को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की गंभीरता और संभावित अंतरराज्यीय कनेक्शन को देखते हुए झारखंड पुलिस की एक टीम पूछताछ के लिए दिल्ली रवाना की जा रही है।

****

धनबाद के बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया–3 क्षेत्र के टांडाबाड़ी में कल शाम जमीन धंसने से तीन घर जमींदोज हो गए। हादसे में पिता– पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। अधिक ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

साउंड बाइट– दीपक धनबाद ऑन हादसा 23 सेकेंड

****

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में राज्य के अधिकतर जिलों में गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना है। संताल के सभी जिलों समेत गिरिडीह, धनबाद, बोकारो में ऑरेंज और बाकी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है।

****

रांची में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आज से 12 अप्रैल तक 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के मैच आज सुबह से शुरू होंगे, जबकि उद्घाटन समारोह दोपहर बाद साढ़े चार बजे आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार उपस्थित रहेंगे।

****

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में एथलेटिक्स स्पर्धा में कल झारखंड के एथलीटों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक समेत 6 पदक जीता।झारखंड की झोली में अब तक 7 स्वर्ण , 2 रजत और 5 कांस्य पदक समेत 14 पदक आए हैं। इधर साहिबगंज के एमानुएल किस्कू ने 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में रजत पदक हासिल किया है । कोच योगेश यादव ने बताया कि 15 वर्षीय एमानुएल किस्कू द्वारा सीनियर पुरुष वर्ग में खेलो इंडिया एथलेटिक्स में जीता गया पहला पदक है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नालंदा में भगदड़ से हादसा के साथ नये वित्तीय वर्ष के साथ हो रहे बदलावों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– नया वित्त वर्ष : आज से नया इनकम टैक्स कानून, टोल पर अब कैश बंद।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– मुरहू कांड के विरोध में बेमियादी खूंटी बंद लिया गया वापस ।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – नालंदा के शीतला मंदिर में भगदड़ से आठ महिलाओं की मौत।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– डीवीसी की घरेलू बिजली 5 पैसे सस्ती, कॉमर्शियल 50 पैसे महंगी।

**********समाप्त***************